झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

—: प्रेस विज्ञप्ति :—

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड प्रशिक्षित माध्यमिक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2025 (विज्ञापन संख्या—02/2025) के आधार पर झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिनांक 25.06.2026, दिनांक 02.07.2026 एवं दिनांक 04.07.2026 को निम्न तालिका में अंकित विषयों के प्रकाशित परीक्षाफल के आलोक में आयोग द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की योग्यता एवं अहर्त्ता संबंधी सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/जाति/आवासीय प्रमाण पत्रों/ दिव्यांग्ता प्रमाण—पत्र आदि (अभ्यर्थियों द्वारा आयोग को समर्पित किये गये मूल आवेदन—पत्र में अंकित अभ्युक्तियों एवं आवेदन—पत्र के साथ संलग्न किये गये सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ) का मिलान करते हुए विषयवार सफल अभ्यर्थियों का दिनांक 20.07.2026 (सोमवार), दिनांक 21.07.2026 (मंगलवार) एवं दिनांक 22.07.2026 (बुधवार) को निम्न कार्यक्रमानुसार काउन्सिलिंग हेतु तिथि निर्धारित की जाती है :—

स्थान	समय	तिथि	विषय
प्रथम तल सभागार, न्यू एनेक्सी बिल्डिंग प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची	10:00 बजे पूर्वाह्न से।	20.07.2026 (सोमवार)	राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान
		21.07.2026 (मंगलवार)	समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, अप्लायड इंग्लिश
		22.07.2026 (बुधवार)	विशेष शिक्षा आचार्य, मानवशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, दर्शनशास्त्र, कम्प्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कोडिंग, साइबर सिक्यूरिटी एवं डेटा साइन्स

अतः सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त कार्यक्रमानुसार अपने उपर्युक्त वर्णित सभी प्रमाण—पत्रों की मूल प्रतियाँ एवं तत्संबंधी स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति और बी.एड संस्थान एवं आपके सत्र का NCTE से मान्यता संबंधी पत्र की प्रति के साथ—साथ आवेदन पत्र में संलग्न किये गये पासपोर्ट साईज का फोटो की तीन प्रतियों के साथ स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें। जो अभ्यर्थी स्वयं काउन्सिलिंग में उपस्थित नहीं होंगे, उनका नियुक्ति पत्र निर्गत नहीं किया जा सकेगा।

ह0/—
(राजेश प्रसाद)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
झारखण्ड, राँची।